





आर्डा गुलर ने हाफ लाइन से दागा शानदार गोल

रुडिगर, वाल्वेर्डे और हुइजेन ने भी किए गोल

जीत के साथ ला लीगा में बार्सिलोना के करीब पहुंचा रियल

# गुलर के गोल से रियल मैड्रिड की जीत

## एल्चे को 4-1 से हराकर बार्सिलोना से एक अंक पीछे पहुंची टीम

**मैड्रिड, 15 मार्च. मैड्रिड, 15 मार्च. तुर्की के युवा मिडफील्डर आर्डा गुलर के शानदार लंबी दूरी के गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने ला लीगा मुकाबले में एल्चे को 4-1 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की. इस जीत के साथ रियल मैड्रिड अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से केवल एक अंक पीछे पहुंच गया है, हालांकि उसने एक मैच ज्यादा खेला है.**

मुकाबले में एंटोनियो रुडिगर, फेडेरिको वाल्वेर्डे और डीन हुइजेन ने भी गोल दागे, जबकि एल्चे को एकमात्र गोल विपक्षी खिलाड़ी के आत्मघाती गोल के रूप में मिला. मुकाबले का सबसे यादगार क्षण तुर्की के युवा खिलाड़ी आर्डा गुलर का गोल रहा, जिसने लगभग सेंटर सर्कल के पास से एल्चे के गोलकीपर माटियास डिटुरो के ऊपर से शानदार लॉब शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया. यह गोल इतना अद्भुत था कि स्टेडियम में मौजूद दर्शक और खिलाड़ी दोनों हैरान रह गए. रियल मैड्रिड के मैनेजर अल्वारो अर्बेलोआ ने इस गोल की जमकर तारीफ की. उन्होंने कहा कि यह गोल इतना शानदार था कि इसे फ्रेम करके रखने लायक है. अर्बेलोआ ने कहा, 'यह असाधारण और अद्भुत गोल था. मैंने खुद सहित सभी को हैरानी से सांस रोकते देखा. इस गोल को देखने के लिए एक नहीं, दो या तीन टिकट की कीमत भी कम लगती.' मिडवीक में चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराने के बाद रियल मैड्रिड का आत्मविश्वास काफी ऊंचा था, लेकिन एल्चे के खिलाफ मैच की शुरुआत टीम के लिए अपेक्षाकृत धीमी रही.

> एल्चे पिछले 10 मैचों से जीत दर्ज नहीं कर पाया था, फिर भी उसने शुरुआती समय में रियल को खुलकर खेलने का ज्यादा मौका नहीं दिया. पहले आधे घंटे तक रियल मैड्रिड कोई खास मौका नहीं बना सका. इस दौरान फ्रान गार्सिया और औरेलियन त्चौमेनी ने पेनल्टी की अपील भी की, लेकिन रेफरी ने दोनों ही अपीलों को खारिज कर दिया, जिससे घरेलू टीम के खिलाड़ी थोड़े निराश दिखाई दिए. हालांकि 39वें मिनट में रियल मैड्रिड को आखिरकार बढ़त मिल गई. फेडेरिको वाल्वेर्डे की फ्री-किक को एल्चे के गोलकीपर माटियास डिटुरो ने रोका, लेकिन गेंद खतरे वाले क्षेत्र में ही रह गई. इस मौके का फायदा उठाते हुए एंटोनियो रुडिगर ने शानदार वॉली लगाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी. इस गोल के बाद रियल मैड्रिड का खेल अधिक आक्रामक और तेज हो गया.

### एक नजर में



### कोच्चि में होगा भारत का हांगकांग से क्वालिफायर मैच

**नयी दिल्ली.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) रविवार को कहा है कि कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 31 मार्च एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालिफायर के फाइनल राउंड में भारत की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के हांगकांग के खिलाफ होने वाले आखिरी मैच की मेजबानी करेगा. यह पिछले 10 सालों में पहली बार होगा जब कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 'ब्लू टाइगर्स' (भारतीय टीम) की मेजबानी करेगा. मार्च 2016 में भारत ने इसी स्टेडियम में फीफा विश्व कप क्वालिफायर में तुर्कमेनिस्तान का सामना किया था. वह आखिरी मौका भी था जब भारतीय सीनियर पुरुष टीम ने केरल में कोई मैच खेला था. एआईएफएफ के एक सूत्र ने बताया कि एएफसी एशियन कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका भारत अब अपने क्वालिफाइंग अभियान का समापन जीत के साथ करना चाहेगा. हालांकि क्वालिफायर के संदर्भ में यह मैच अब सिर्फ एक औपचारिकता मात्र है, क्योंकि हांगकांग भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है, फिर भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे हैं. एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालिफायर के फाइनल राउंड में भारत के लिए यह तीसरा अलग घरेलू स्टेडियम होगा; इससे पहले पिछले साल मार्च में शिलांग ने बंगलादेश के खिलाफ मैच की मेजबानी की थी और पिछले साल अक्टूबर में मडगांव ने सिंगापुर के खिलाफ मैच की मेजबानी की थी.




### न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई.** कप्तान अमेलिया केर (78), जॉर्जिया प्लिमर (63) की शानदार अर्धशतकीय पारी के बाद सोफी डिवाइन (चार विकेट) और जेस केर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को खेले गये पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 80 रनों से शिकस्त दी. न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है. अमेलिया केर को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया. 191 रनों के लक्ष्य का दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 80 रनों से मुकाबला हार गई. दक्षिण अफ्रीका के लिए ताजमिन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 29 रन बनाये. इसकेअलावा एन डी क्लर्क (19), सूने लूस और (10) रन बनाकर आउट हुई. कायला रेनेके ने 18 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाये. दक्षिण अफ्रीका के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके. न्यूजीलैंड के लिए सोफी डिवाइन ने 12 रन देकर चार विकेट और जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लिये.



### सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**कराची.** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया. इसके साथ ही उनके लगभग दो दशक लंबे शानदार करियर का अंत हो गया. कराची में जन्मे इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने नवंबर 2007 में जयपुर में भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैच से अपने करियर की शुरुआत की थी. उन्होंने 54 टेस्ट, 117 एकदिवसीय और 61 टी-20 मैच खेले, जिनमें उन्होंने 6,164 रन बनाए. इनमें छह शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं. के पीछे रहते हुए सरफराज ने 315 कैच लपके और 56 स्टंपिंग कीं. सरफराज ने सभी फॉर्मेट को मिलाकर 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी भी की, जिनमें 50 एकदिवसीय, 37 टी-20 और 13 टेस्ट मैच शामिल हैं. उनकी कप्तानी में पाकिस्तान टी-20 रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंचा और लगातार 11 टी-20 सीरीज जीतने का विश्व रिकॉर्ड बनाया. उनकी कप्तानी को सबसे ज़्यादा 2017 में इंग्लैंड में हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की जीत के लिए याद किया जाता है. इस टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 180 रनों से हराकर आठ साल से चले आ रहे आईसीसी खिताब के सूखे को खत्म किया था.

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

**पहला टी-20** सात विकेट से जीत, पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त

91 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की टीम

45 रन की नाबाद पारी एस्टरहाउजन की




**माउंट माउंगानुई, 15 मार्च. नकोबानी मोकोएना की शानदार गेंदबाजी और कॉनर एस्टरहाउजन की जिम्मेदार बल्लेबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली. मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को पूरी तरह दबाव में रखा और उसे मात्र 91 रन पर समेट दिया, जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 20 गेंद शेष रहते जीत दर्ज कर ली.**

न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 92 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही. टीम ने 28 रन के स्कोर तक अपने दो अहम विकेट गंवा दिए. टोनी डीजॉर्जी केवल दो रन बनाकर आउट हो गए, जबकि रूबिन हरमन भी सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए. शुरुआती झटकों के बाद टीम कुछ दबाव में जरूर आई, लेकिन इसके बाद कॉनर एस्टरहाउजन और जेसन स्मिथ ने पारी को संभालने की कोशिश की.

दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया, लेकिन 10वें ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने जेसन स्मिथ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया. स्मिथ 10 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद एस्टरहाउजन ने जिम्मेदारी संभाली और पारी को अंत तक ले जाने का काम किया.

एस्टरहाउजन ने बेहद संयम और समझदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 48 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए. उनकी इस पारी में दो चौके और दो शानदार छक्के शामिल रहे. उन्होंने डियान फॉरेस्टर के साथ मिलकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया. फॉरेस्टर ने भी उपयोगी योगदान देते हुए नाबाद 16 रन बनाए. दक्षिण अफ्रीका ने 16.4 ओवर में तीन विकेट खोकर 93 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया. न्यूजीलैंड की ओर से गेंदबाजी में काइल जेमीसन, जैकरी फॉक्स और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला, लेकिन लक्ष्य छोटा होने के कारण वे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर ज्यादा दबाव नहीं बना सके.

#### दक्षिण अफ्रीका ने की घातक गेंदबाजी

दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेंदबाजी में नकोबानी मोकोएना सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने तीन विकेट हासिल किए. इसके अलावा गेराल्ड कोएत्जी, ओटनील बार्टमैन और केशव महाराज ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट अपने नाम किए. गेंदबाजों के इस शानदार प्रदर्शन और एस्टरहाउजन की संयमित बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने मुकाबला आसानी से जीतते हुए सीरीज में बढ़त बना ली. अब दोनों टीमों के बीच अगला मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां न्यूजीलैंड वापसी की कोशिश करेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका अपनी बढ़त मजबूत करना चाहेगा.



# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता सब कड़ी मेहनत से हासिल होता है

**नयी दिल्ली,15 मार्च पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है. उन्होंने कहा कि उम्मीद कर रहे हैं कि भारत के पुरुष और महिला टीमों ने जो आईसीसी खिताब जीते हैं वह केवल एक शुरुआत हो.**

दो बार ट्रॉफी जीत चुके रोहित ने शनिवार को कहा, 'सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है. पुरुष और महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं. जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम कर रहे काफी सारे लोग भी इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. इसलिए कई सारे लोगों को क्रेडिट दिया जाना चाहिए.'


> उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ सालों से हम जो देख रहे हैं कि हमारा झंडा लहरा रहा है और हमने जो भी हासिल किया है उसे देखकर मैं बेहद खुशी और गर्व महसूस करता हूं. केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट ने भी शानदार सफलता हासिल की है, मुंबई में उन्हें विश्व कप जीतते देखना शानदार था. हाल ही में पुरुष टीम ने टी-20 विश्व कप जीतकर जो किया वह तो अदभुत था. मैं उम्मीद करता हूं ये शुरुआत हो, यहां से पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है क्योंकि जब आपको मोमेंटम मिल जाता है तो आपको उसे बनाए रखना चाहिए क्योंकि हमेशा क्रिकेट में मोमेंटम की बात होती रहती है.

# आईसीसी ने आगा सलमान को लगाई फटकार



**दुबई 15 मार्च.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मीरपुर में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाज आगा सलमान को फटकार लगाई गई और एक डिमेरिट अंक दिया गया. आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार आगा सलमान को आर्टिकल 2.2 का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों या मैदान से जुड़ी चीजों के दुरुपयोग से संबंधित है. यह घटना पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में उस समय हुई जब अजीबो गरीब तरीके से रनआउट होने के बाद आगा ने अपने ग्लव्स और हेलमेट मैदान पर फेंक दिए. 62 गेंद पर 64 रन बनाने वाले आगा नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से बाहर थे. मोहम्मद रिजवान ने गेंद को सीधे गेंदबाज मेहदी हसन मिराज की ओर खेला और मिराज ने गेंद को पैर से रोक लिया.

# जयपुर सोल्जराथॉन-2026 मैराथन में हजारों दौड़े



**जयपुर, 15 मार्च राजस्थान में जयपुर के सैन्य छावनी में आयोजित वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन- 226 मैराथन में साढ़े चार हजार से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की.**

रक्षा सूत्रों ने रविवार को बताया कि जयपुर सैन्य छावनी में स्थित गांडीव स्टेडियम में आयोजित इस दौड़ में सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक, पेशेवर धावक, विद्यार्थी और आम नागरिक शामिल थे, जिन्होंने फिटनेस और देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित होकर इस आयोजन को विशेष बनाया.

रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक सशक्त नई पहल के रूप में आयोजित यह पहला वंडर सीमेंट जयपुर सोल्जराथॉन फिटनेस, अनुशासन और सशस्त्र सेनाओं के प्रति गहरे सम्मान की भावना से प्रेरित एक आंदोलन की शुरुआत है, जिसका सार 'रन विद सोल्जर, रन फॉर सोल्जर' के संदेश में निहित है. इस आयोजन ने नागरिकों को केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए ही नहीं, बल्कि एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए दौड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे फिट भारत की परिकल्पना को बल मिला और 'से यस टू स्पोर्ट्स , नो टू ड्रग्स' का संदेश व्यापक रूप से प्रसारित हुआ.

### रिषभ का लगातार दूसरा शतक, उत्तर क्षेत्र चैंपियन बनना तय

**नयी दिल्ली.** रिषभ सिंह (नाबाद 100) के लगातार दूसरे शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को रविवार को रोशनारा क्लब मैदान में 10 विकेट से रौंद कर जेके बोस टूर्नामेंट जीतना सुनिश्चित कर लिया है. दक्षिण क्षेत्र चार विकेट पर 187 रन पर रोकने के बाद, उत्तर क्षेत्र ने 18.2 ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 188 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की. पिछले मैच में पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ शतक लगाने वाले रिषभ ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए एक ओर शतक ठोका. रिषभ ने 14 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाये.

### चंद्रिका ने जीता स्वर्ण, वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में भारत को मिले कुल पांच पदक

**बैंकॉक.** चंद्रिका पुजारी ने महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन करे हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर स्वर्ण पदक जीता. इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया. यूथ ओलंपिक की अलग-अलग भार श्रेणियों में हिस्सा लेते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगातार शानदार प्रदर्शन किया, और टीम के आधे सदस्य पदक जीतकर घर लौटे.

**खिताबी मुकाबला** सेमीफाइनल में मेदवेदेव ने अल्काराज को हराया, सिनर ने ज्वेरेव को मात देकर पहली बार फाइनल में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स फाइनल में भिड़ेंगे मेदवेदेव-सिनर

- मेदवेदेव ने अल्काराज को सीधे सेटों में हराया
- सिनर ने जर्मनी के ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से मात दी



**कैलिफोर्निया, 15 मार्च. प्रतिष्ठित इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल इस बार दो शानदार खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा. रूस के अनुभवी खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और इटली के युवा स्टार जैनिक सिनर ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली है.**

टेनिस प्रेमियों को अब इन दोनों खिलाड़ियों के बीच एक रोमांचक फाइनल देखने को मिलेगा, जहां अनुभव और युवा जोश आमने-सामने होगा. रूस के दिग्गज खिलाड़ी मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया. यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें मेदवेदेव ने शानदार शुरुआत करते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी. लगभग एक घंटा 37 मिनट तक चले इस मुकाबले में उन्होंने अल्काराज को 6-3, 7-6 (7-3) से हराया. मेदवेदेव ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया. पहले सेट में उन्होंने मजबूत सर्विस और बेहतरीन रिटर्न के दम पर अल्काराज को दबाव में रखा. अल्काराज ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन मेदवेदेव ने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया. दूसरे सेट में मुकाबला और अधिक कड़ा हो गया. दोनों खिलाड़ियों के बीच शानदार रैलियां देखने को मिलीं और कई बार ऐसा लगा कि अल्काराज मैच में वापसी कर सकते हैं.

> मुकाबले के बाद मेदवेदेव ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दुनिया के नंबर-एक खिलाड़ी को हराना हमेशा खास होता है. उन्होंने कहा, 'कार्लोस जैसे खिलाड़ी को हराना शानदार एहसास है. जब आप उनके साथ या जैनिक सिनर और नोवाक जोकोविच जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हैं, तब रैंकिंग का ज्यादा महत्व नहीं रहता. उनके खिलाफ खेलना ही एक शानदार अनुभव होता है और उन्हें हराना और भी ज्यादा खुशी देता है.' वहीं अल्काराज ने भी मेदवेदेव के प्रदर्शन की तारीफ की. उन्होंने कहा कि मेदवेदेव ने पूरे मैच में असाधारण खेल दिखाया और शुरुआत से लेकर अंत तक शानदार प्रदर्शन किया.